राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

1 जून, 2022 को राजस्थान के कृषि मंत्री लालचंद कटारिया एवं खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना ने जयपुर में सिरसी रोड स्थित अलंकार महाविद्यालय में राज्यस्तरीय सब-जूनियर व जूनियर बालक-बालिका तैराकी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस प्रतियोगिता का आयोजन 1 जून से 5 जून तक किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के 16 ज़िलों के 325 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।
- इस पाँच दिवसीय प्रतियोगिता में शामिल होने वाले 325 खिलाड़ियों में से सब-जूनियर वर्ग में 45 तैराक, जबकि जूनियर वर्ग में 280 तैराक हिस्सा ले रहे हैं।
- इसका आयोजन राजस्थान तैराकी संघ के तत्त्वावधान में किया जा रहा है, जिसके अध्यक्ष अनिल व्यास हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-level-swimming-competition-inaugurated